केन्द्रीय भण्डारण निगम

(भारत सरकार का उपक्रम)

सं. केभनि/भंडारण भारती-राजभाषा विशेषांक/2016 दिनांक 11.07.2016

परिपत्र

निगमित कार्यालय द्वारा राजभाषा हिंदी के प्रयोग को बढ़ावा देने के उद्देश्य से वार्षिक साधारण बैठक के अवसर पर 'भंडारण भारती-राजभाषा विशेषांक' (अंक 62) का प्रकाशन किया जाएगा । केन्द्रीय भंडारण निगम के सभी अधिकारियों/कर्मचारियों से पत्रिका में प्रकाशनार्थ लेख, कहानी, कविता आदि आमंत्रित हैं । राजभाषा हिंदी तथा अन्य विषयों के अतिरिक्त वेअरहाउसिंग से संबंधित विषयों पर भी रचनाएँ भेजी जा सकती हैं। राजभाषा हिंदी, भंडारण तथा अन्य तकनीकी विषयों से संबंधित रचनाओं को प्रकाशन के लिए प्राथमिकता दी जाएगी । यह भी अनुरोध है कि तकनीकी लेखों के साथ संबंधित फोटोग्राफ भी भेजी जाएं ।

यह भी अनुरोध है कि क्षेत्रीय कार्यालयों एवं वेअरहाउसों की विभिन्न गतिविधियों से संबंधित फोटोग्राफ उनके कैप्शन सहित पत्रिका में प्रकाशन हेतु भिजवा दें ।

अतः 'भंडारण भारती-राजभाषा विशेषांक' में रचना प्रकाशन के इच्छुक अधिकारी/कर्मचारी कृपया निगमित कार्यालय के राजभाषा अनुभाग में अपनी रचना ईमेल rajbhasha.cwc@gmail.com पर तथा एक प्रति डाक द्वारा 31 जुलाई, 2016 तक भेज दें । रचना भिजवाने से पूर्व यह भी सुनिश्चित कर लिया जाए कि वह रचना मौलिक हो और पूर्व प्रकाशित न हो । कोई रचना प्रकाशन के योग्य है अथवा नहीं, इस संबंध में संपादन समिति का निर्णय अंतिम होगा । उत्कृष्ट रचनाओं पर पुरस्कार एवं अन्य प्रकाशित रचनाओं पर मानदेय भी प्रदान किया जाएगा ।

11/7/16

(ए.के.शर्मा)
महाप्रबंधक (कार्मिक)

वितरण:

1. सभी विभागाध्यक्ष, केभनि, निगमित कार्यालय, नई दिल्ली।
2. सभी अनुभागाध्यक्ष, केभनि, निगमित कार्यालय, नई दिल्ली।
3. सभी क्षेत्रीय प्रबंधक, केभनि, क्षेत्रीय कार्यालय ।
4. सभी अधीक्षण अभियंता/अधिशासी अभियंता, निर्माण सैल।
5. सभी आईसीडी/सीएफएस, केभनि ।
6. सभी वेअरहाउस प्रबंधक, सैन्ट्रल वेअरहाउस ।
7. गार्ड फाइल ।

कृपया सभी अधिकारियों/ कर्मचारियों को इस परिपत्र की विषयवस्तु से अवगत करा दिया जाए ।

प्रतिलिपि:

1. अध्यक्ष की वरिष्ठ निजी सहायक/प्रबंध निदेशक के प्रधान निजी सचिव, केभनि, निगमित कार्यालय, नई दिल्ली ।
2. निदेशक (वित्त) के स.प्र./निदेशक (कार्मिक) की वरिष्ठ निजी सहायक/ निदेशक (एमसीपी) की प्रधान निजी सचिव, केभनि, निगमित कार्यालय, नई दिल्ली ।

Hindi Circular/2

कारपोरेट कार्यालय:
4/1, सीरी इंस्टीच्यूशनल एरिया, अगस्त कान्ति मार्ग, हौजखास,नई दिल्ली -110016.फैक्स नं0:26967256 दूरभाष सं0. 011-26515178 ई मेल : warehouse@nic.in